प्रेषक,

सूर्य प्रकाश मिश्र,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक: 04 अगस्त, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रवि सिंह पुत्र श्री कृष्ण बहादुर सिंह निवासी जनपद-गाजीपुर, मूल जनपद-गोरखपुर की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक(मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-3840/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-21-01-2025) दिनांक-29-01-2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रवि सिंह पुत्र श्री कृष्ण बहादुर सिंह, जो ग्राम-बारा बंगला निकट गोला बाजार, थाना-कोतवाली, जनपद-गाजीपुर, मूल पता-हरिसेवकपुर, थाना-गुलरिहा, जिला- गोरखपुर का निवासी है। दिनांक-20.05.2003 को बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लार्डस डिस्टलरी नंदगंज, गाजीपुर की ओर से वसूले गये शराब का रूपया व टाटा सुमों को लूट लिया तथा इस कृत्य को करते हुए फैक्ट्री के 02 सुरक्षा गार्डों को कुदाल से मारकर हत्या करने की घटना कारित की गई है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को एस०टी० नं०-515/03, भा0द0वि0 की धारा-396, 201, 412 में मा० न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-1, वाराणसी के आदेश दिनांक 23.11.2006 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। मा० उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 11.11.2022 द्वारा आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 15.11.2024 तक अपरिहार 19 वर्ष, 01 माह, 18 दिन तथा सपरिहार 23 वर्ष, 05 माह, 14 दिन की सजा भोगी गयी है।

3- जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर द्वारा शासनादेश संख्या-1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि० एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध कारित करने की सम्भावना होने, जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा बन्दी की समयपूर्व बन्दी की समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने, का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में दिनांक-20.05.2003 को बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लार्डस डिस्टलरी नंदगंज, गाजीपुर की ओर से वसूले गये शराब का रूपया व टाटा सुमों को लूट लिया तथा इस कृत्य को करते हुए फैक्ट्री के 02 सुरक्षा गार्डो को कुदाल से मारकर हत्या करने की घटना कारित करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है, जिसके आधार पर जिला

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी रवि सिंह पुत्र श्री कृष्ण बहादुर सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

5- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रवि सिंह (बन्दी संख्या-47253) पुत्र श्री कृष्ण बहादुर सिंह निवासी जनपद-गाजीपुर, मूल जनपद- गोरखपुर को यू०पी० प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
सूर्य प्रकाश मिश्र
उप सचिव।

संख्या-975/2025/510(1)/22-2-2025 तद्दिनांक...

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, गाजीपुर/गोरखपुर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।
3- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रि0) सं0-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन(क्रिमि0) सं0-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।
4- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-975/2025/510/22-2-2025-17(1536)/2022

दिनांक: 04 अगस्त, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रवि सिंह पुत्र श्री कृष्ण बहादुर सिंह, जो ग्राम-बारा बंगला निकट गोला बाजार, थाना-कोतवाली, जनपद-गाजीपुर, मूल पता-हरिसेवकपुर, थाना-गुलरिहा, जिला- गोरखपुर का निवासी है। दिनांक-20.05.2003 को बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लार्डस डिस्टलरी नंदगंज, गाजीपुर की ओर से वसूले गये शराब का रूपया व टाटा सुमों को लूट लिया तथा इस कृत्य को करते हुए फैक्ट्री के 02 सुरक्षा गार्डों को कुदाल से मारकर हत्या करने की घटना कारित की गई है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को एस०टी० नं०-515/03, भा0द0वि0 की धारा-396, 201, 412 में मा० न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-1, वाराणसी के आदेश दिनांक 23.11.2006 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। मा० उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 11.11.2022 द्वारा आजीवन कारावास की सजा को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 15.11.2024 तक अपरिहार 19 वर्ष, 01 माह, 18 दिन तथा सपरिहार 23 वर्ष, 05 माह, 14 दिन की सजा भोगी गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर द्वारा शासनादेश संख्या-1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि० एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध कारित करने की सम्भावना होने, जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा बन्दी की समयपूर्व बन्दी की समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने, का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में दिनांक-20.05.2003 को बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लार्डस डिस्टलरी नंदगंज, गाजीपुर की ओर से वसूले गये शराब का रूपया व टाटा सुमों को लूट लिया तथा इस कृत्य को करते हुए फैक्ट्री के 02 सुरक्षा गार्डो को कुदाल से मारकर हत्या करने की घटना कारित करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी रवि सिंह पुत्र श्री कृष्ण बहादुर सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

सूर्य प्रकाश मिश्र
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।